मो0 नं0 : 9473942736

# अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय

उत्तर प्रदेश जल निगम, (ग्रामीण) कानपुर देहात।

पत्रांक 8632 / डब्लू–52 / 88 दिनांक 22-07-26

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
लखनऊ।

**विषयः–** **ई0 पेपर दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान के दिनांक 18.07.2026 के संस्करण में प्रकाशित खबर "जसापुर गांव मे दलित बस्ती जाने वाला मुख्य रास्ता जलजमाव और कीचड़ मे तब्दील हो गया है। इससे ग्रामीणों को बेहद परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक **ई0 पेपर दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान के दिनांक 18.07.2026 के संस्करण में प्रकाशित खबर "जसापुर गांव मे दलित बस्ती जाने वाला मुख्य रास्ता जलजमाव और कीचड़ मे तब्दील हो गया है। इससे ग्रामीणों को बेहद परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है"** के सम्बंध में अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात के विकास खण्ड संदलपुर के ग्राम पंचायत जसापुर में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन जसापुर पेजयल योजना से अच्छादित है। उक्त योजना के अन्तर्गत पाइप लाइन बिछाये जाने के उपरान्त ग्राम में उक्त मार्ग पर पूर्व निर्मित लगभग 50 मी0 की लम्बाई में खण्डजा का अस्थाई पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण कर दिया गया था तथा पाइप लाइन की हाइड्रोटेस्टिंग का कार्य लम्बित है। जिसे पूर्ण किये जाने के उपरान्त उक्त मार्ग कि स्थाई रूप से पुर्नस्थापना का कार्य प्रस्तावित है जिसे शीघ्र पूर्ण करा दिया जाएगा। साथ ही अवगत कराना है कि वर्णित स्थल पर उक्त 50 मी0 खण्डजें के अतिरिक्त शेष मार्ग कच्चा है तथा जिस कारण उस स्थल पर वर्षा जल निकासी की कोई व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। फलस्वरूप वर्षा ऋतु में वर्षा जल का संचय होने से जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। उक्त स्थान पर सड़क निर्माण का कार्य सम्बधित अन्य विभाग द्वारा कराया जाना अपेक्षित है। सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**संलग्नक–उपरोक्तानुसार।**

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0** / **डब्लू–52** / दिनांक........................

**प्रतिलिपिः–**

1. जिलाधिकारी महोदय, कानपुर देहात को सादर अवलोकनार्थ।
2. जिला सूचना अधिकारी, कानपुर देहात।

अधिशासी अभियन्ता